# नांदगांव टाइम्स


|| जय श्री जलाराम ||
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

बुधवार, 17 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 325, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




## पीएम मोदी का छग दौरा...सीएम-विधानसभा अध्यक्ष ने ली बैठक

### 31 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे, आदिवासी संग्रहालय का करेंगे उद्घाटन , प्रदेशवासियों को देंगे सौगात

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक शुरू हुई। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा मौजूद रहे। इस बैठक में मंत्री केदार कश्यप और ओपी चौधरी के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और कई विभागों के सचिव भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री की यात्रा से जुड़े सुरक्षा प्रबंध, कार्यक्रमों का समय-निर्धारण और लोकार्पण आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी 31 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। वे राजधानी में नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, जो छत्तीसगढ़ की राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों का नया केंद्र बनने जा रहा है।



इसके अलावा प्रधानमंत्री आदिवासी संस्कृति और विरासत को समर्पित आदिवासी संग्रहालय का भी लोकार्पण करेंगे। इसे प्रदेश के आदिवासी समाज की धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी अपने दौरे में छत्तीसगढ़ को कई बड़ी विकास सौगातें भी देंगे। इनमें बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क परियोजनाओं से जुड़े कार्य शामिल होंगे। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में बड़ा बदलाव आएगा। बैठक में सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश अफसरों को दिया गया है। बैठक में सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश अफसरों को दिया गया है। इस बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले इसे जनता तक सीधा संदेश पहुंचाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

## विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 17 सितम्बर 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 17 सितम्बर को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे गांधी सभागृह राजनांदगांव पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे तथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपरान्ह 4.10 बजे शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री राजनांदगांव का निरीक्षण करेंगे एवं अपरान्ह 4.35 बजे सखी वनस्टॉप सेंटर बलदेवबाग राजनांदगांव में नवीन भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.55 बजे सखी वनस्टॉप सेंटर बलदेवबाग से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 5.5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6.5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महाकाल यात्रा सकुशल लौटी

### जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत



**राजनांदगांव।** द्वारका-सोमनाथ की पावन यात्रा पर निकली राजनांदगांव महाकाल यात्रा सकुशल वापस लौट आई। यात्रा के दौरान जाते और आते समय विभिन्न स्थानों पर बाबा महाकाल के भक्तों ने श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया।

यात्रा के दौरान जाते समय बडनेरा, अकोला राजकोट, बड़ौदा और अहमदाबाद में श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। वहीं, द्वारका पहुंचने पर और वापसी के दौरान राजकोट बड़ौदा अकोला एवं बडनेरा, जामनगर में भी महाकाल भक्तों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। शहर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर गौरी नगर एवं स्टेशन पारा के संजीव बघेल व उनकी टीम के महाकाल भक्तों ने फूल-मालाओं और च्जय महाकालज्ज् के जयघोष के साथ यात्रियों का स्वागत किया। चेयरमैन राजा माखीजा, समाजसेवक भावेश अग्रवाल, सिंधी पंचायत के अनिल तेजवानी, राजेश तेजवानी, मुरली फगवानी, कमल पंजवानी सहित अनेक सामाजिक बंधु स्वागत में उपस्थित रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से मुरलीधर सोमानी ने भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासन, पत्रकार बंधुओं और रेलवे प्रशासन ने विशेष सहयोग प्रदान किया। महाकाल यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ किया, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और भाईचारे का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में



आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

## वैचारिक दरिद्रता के चलते कांग्रेस अराजक व असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रही है : खूबचंद पारख

### सचिन पायलट अपने आका को खुश करने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे है

**राजनांदगांव ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं-न-कहीं असंसदीय भाषा से होता है.श्री पारख ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और कांग्रेस ऐसे 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है। भाजपा नेता खुबचंद पारख ने कहा कि विपक्ष को हमेशा सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में विपक्ष हमेशा विध्वंस, हिंसा और अराजकता की नकारात्मक भूमिका में ही है। इसलिए कांग्रेस व उसके नेताओं की प्रतिष्ठा लगातार कम होती जा रही है। पारख जी ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाषा की गरिमा सदैव सर्वोच्च रही है। लेकिन कांग्रेस हमेशा भाषा की गरिमा को ताक पर रखकर राजनीति करती आ रही है। समाज में झूठे नरैटिव को गढ़ने का टेंडर कांग्रेस ने ले रखा है। लगातार 'वोट चोरी' जैसे कथित शब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए भाषा की गरिमा और मजबूत संसदीय व्यवस्था को ध्यान में रख कर कांग्रेस को शब्दों का चयन करना चाहिए। 'वोट चोरी' शब्द पूरी तरह असंसदीय है और दुनिया के किसी शब्दकोष में यह शब्द नहीं है। पर कांग्रेस का पूरा राजनीतिक इतिहास असंसदीय भाषा व आचरण से भरा पड़ा है। दरअसल वैचारिक दरिद्रता के चलते कांग्रेस अराजक व असंसदीय वामपंथी भाषा और विचारों पर पल रही है और यही अब कांग्रेस की नियति हो चली है।कांग्रेस अपनी हार की जिम्मेदारी लेने से बचने हेतु कभी इ वि एम् पर सवाल खड़ी करती है अब आगामी चुनावो में अपनी हार सुनिश्चित देख कर वोट चोरी का नेरेटिव चला कर फिर हार की जिम्मेदारी से भागने का प्रयास कर रही है 7श्री पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट भी इसी असंसदीय भाषा का प्रयोग करने के लिए छत्तीसगढ़ पधार रहे हैं। पारख ने चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस में प्रतिस्पर्धा चल रही है, जो जितना अमर्यादित और अशोभनीय शब्दों का उपयोग करेगा, वह अपने आका राहुल को उतना ही प्रिया होगा।





राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आदि श्री सनातन सेवा संघ द्वारा ओवर ब्रिज सड़क की खराबी जो दुर्घटना की आशंका बनी हुई रहती थी उसे मरम्मत कार्य सेवा दिए।

## पुलिस द्वारा बदमाशो के विरुद्ध कार्यवाही जारी

### शांति एव कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असमाजिक तत्वो के विरूद्ध,निरंतर कार्यवाही जारी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया है कि थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही किया जा रहा है इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र में उतपात मचाने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत तैयार कर एसडीएम न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में आरोपी दुर्गेश देवांगन उर्फ़ मुसवा पिता स्व 0 राम स्वररूप देवांगन, , निवासी वार्ड नंबर 15 इंदिरा आवास, डोंगरगांव, के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया है इस पूरे कार्यवाही में प्रधान आरक्षक संदीप देशमुख और आरक्षक जीतेश साहू, चंद्रप्रकाश हरमुख, दीपक भोई का सराहनीय भूमिका रही।



## सांसद ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू से की मुलाकात

### नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष से भेंटकर दी शुभकामनाएँ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय का डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। सांसद ने प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। सांसद पाण्डेय ने डॉ साहू के निर्विरोध निर्वाचन को साहू समाज में योगदान की परिणीति निरूपित करते हुए गुलदस्ता भेंटकर बधाई व शुभकामनाएँ दी, भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, महेश्वर साहू, रामकुमार गुप्ता, सतीष पाण्डेय, सागर वर्मा, प्रवेश ठाकुर, शरद वैष्णव, सिद्धम चोपड़ा, मयंक साहू, छोटू साहू, नंदलाल कुम्भकार, हिमांशु साहू सहित अनेक भाजपाई एवं साहू समाज के अनुयायी उपस्थित थे।



nandgaon times sep-17.-3.qxd 9/16/2025 11:54 PM Page 2



# महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष आयुष चिकित्सा शिविर आज

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान के तहत कबीरधाम जिला मुख्यालय कवर्धा में महिलाओं के लिए एक दिवसीय विशेष नि:शुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 सितम्बर 2025, दिन बुधवार को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक, जिला सत्र न्यायालय कवर्धा के सामने आयोजित होगा। शिविर में महिलाओं की माहवारी स्वास्थ्य, बांझपन, रजोवृत्ति से संबंधित समस्या, रक्ताल्पता आदि प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं की सामान्य जांच, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही परिवार की संपूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आहार, व्यायाम और योगाभ्यास जैसे आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर में नि:शुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियों का भी वितरण होगा। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. लीना तिवारी ने जिले की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# पदुमतरा में गौ विज्ञान परीक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी 4 नवंबर को होने वाले गौ विज्ञान परीक्षा के लिए नियुक्त किए गए जिला नोडल अधिकारी संतोष कुमार वर्मा एवं स्कूल गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी रामचंद्र साहू के द्वारा शा.उ. मा. शाला पदुमतरा में बच्चों को परीक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गौ माता के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जानकारी दी गई तथा गौ उत्पाद को कैसे घर घर पहुंचाया जाए, अर्क के उपयोग से स्वास्थ सेवा के लाभ आदि ,गोबर से जैविक खाद बना कर किचन गार्डन में तथा जगह की कमी होने पर घरों के छत में गमलों में सब्जियां उगाने एवं उपयोग करने आदि की ग्रामीण जनों की भूमिका पर चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला के प्रभारी प्राचार्य एस.के. यदु ,जनपद प्रतिनिधि मोहन साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# शास.उ.मा. विद्यालय रीवागहन का गौरव





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय हायर सेकेण्डरी रीवागहन में दुर्गावती नामदेव व्यायाम शिक्षक के निर्देशन में कक्षा 9वीं के छात्र अमन पटेल (मार्शल आर्ट) कुराश प्रतियोगिता मे सँभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया वहीं कक्षा 12वीं की छात्रा हेमा साहू ने साफ्टबाल में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया तथा कक्षा 11वीं का छात्र पूरन यादव ने वाटरपोलो में अपने शाला की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता प्रदान करेगा । इन सभी बच्चों को शाला का गौरव बढाने के लिए संस्था प्रमुख प्राचार्या सँगीता राबिंसन एवं खान मैडम मिँज, मैम शैलजा, मैम पाठक एवं तिवारी , शिखा मैम, साहू जी, शर्मा जी तथा शाला के सभी शिक्षक गणों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया ।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता कार्यक्रम



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरी होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव मनाई जा रही है और इसी संदर्भ में में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं गतिविधि आयोजित की जा रही है द्य इसी कड़ी में शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. ए.के.धमगाये के निर्देशन व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी(बालिका ) प्रो. प्रियांकी गजभिये तथा प्रभारी बालक डॉ.आशाराम साहू के मार्गदर्शन में 13 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डोंगरगांव के तत्वावधान में गोद ग्राम कन्हारपुरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत परिसर,प्राथमिक शाला,आंगनबाड़ी केंद्र,सांस्कृतिक मंच के आसपास तथा अलग- अलग गलियों में साफसफाई कर स्वच्छता के नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव जगाने का प्रयास किया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक उत्पादों , कटीले पेड़ पौधों तथा अपशिष्ट पदार्थों की सफाई की गई ।अंत में रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों को दिया गया । इस दौरान ग्राम पंचायत कन्हारपुरी से सचिव रमेश रामटेके वार्ड पंच केशव राम सहित ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही । स्वयंसेवकों के दल का नेतृत्व सत्यम वैष्णव,अंकुश दीक्षित,शोभित कुमार, उदेवनारायण माली, डोमेश्वरी साहू,पलक किया। इस गतिविधि में दोनों इकाई के स्वयं सेवकों ने अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जन्म और मृत्यु के बीच की यात्रा में आध्यावस्था में सुधरने की महती आवश्यकता : अभिषेक कृष्ण शास्त्री



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जीवन के दो अनमोल दिवस: जन्म और मृत्यु के बीच की यात्रा में आध्यावस्था में सुधरने की महती आवश्यकता: भगवान की पूजा-पाठ में जुटें, जीवन को बनाएं सुंदर और अर्थपूर्ण ग्राम जेवरतला, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में चंद्राकर परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के भव्य आयोजन में, विख्यात कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने जीवन के दो अनमोल दिवसों - जन्म और मृत्यु - के बीच की यात्रा पर अत्यंत मार्मिक और गहन चिंतन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, भगवान ने हमें जीवन केवल दो दिन का ही दिया है - एक जन्म का दिन और दूसरा जब हम इस संसार से विदा लेते हैं, मृत्यु का वह अनमोल क्षण।जीवन के दो दिवस: गहन अर्थों का मंथन - जन्म दिवस: बाल्यावस्था की मधुरता: जन्म के दिन हम कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उस समय हम बाल्यावस्था में होते हैं। मृत्यु दिवस: अंतिम सत्य की ओर यात्रा: मृत्यु का दिन जीवन का एक अनिवार्य सत्य है, जिसे हम टाल नहीं सकते। बीच के दिन: सुधरने का अवसर: जन्म और मृत्यु के बीच के ये दिन हमें भगवान की पूजा-पाठ, सेवा और सद्कर्म करने का अवसर देते हैं। आध्यात्मिक जागृति की पुकार: कथावाचक ने कहा, इन अनमोल दिनों को हमें सुंदर और अर्थपूर्ण बनाने का प्रयास करना चाहिए। भगवान की पूजा-पाठ: जीवन को सुधरने का अद्वितीय मार्ग कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा, हमारे पास करने के लिए बहुत कम समय है। जब करने का समय आता है, तब हम भगवान की पूजा-पाठ तो कर ही सकते हैं। परंतु हम अक्सर सुधर नहीं पाते हैं। हमें अपने जीवन को सुधारने का संकल्प लेना होगा और भगवान के मार्ग पर चलना होगा।श्रद्धालुओं का भावपूर्ण अनुभव श्रद्धालुओं ने कथा को भावविभोर होकर सुना और अपने जीवन को सुधारने और भगवान की भक्ति में जुटने का संकल्प लिया यह संदेश हमें जीवन के अनमोल क्षणों को समझने और भगवान की भक्ति में जुटकर जीवन को सुंदर और अर्थपूर्ण बनाने की प्रेरणा देता है।

# अग्रसेन जयंती पर होगी बालक बालिकाओं एवं महिलाओं की प्रतियोगिताएं



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में अग्रसेन जयंती पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व सचिव महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 18 सितंबर गुरुवार को महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चनकर एवं दीप प्रजवलन के साथ होगा । इस अवसर पर चार दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी जिनमें बालकों की प्रतियोगिताओं में 18 सितंबर गुरुवार को लूडो किंग हस्ताक्षर प्रतियोगिता एवं तोल-मोल के बोल होंगे जो अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा कराया जाएगा। बालिका मंडल द्वारा ओपनिंग स्पेशल गेम व ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिताएं होंगी। दूसरे दिन 19 सितंबर शुक्रवार को चम्मच दौड़ स्लो साइकिल ग्रैंड हाउजी तंबोला एवं म्यूजिकल चेयर के साथ-साथ महिलाओं की 1 मिनट गेम और हाउजी प्रतियोगिता होगी। बालिकाओं द्वारा इस दिन ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिता होगी। 20 सितंबर शनिवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं फैशन शो प्रतियोगिता नवयुवक मंडल द्वारा होगी महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अग्रवाल महिला गाट टैलेंट प्रतियोगिता होगी बालिकाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे 21 सितंबर रविवार को डाईग कांम्पटीशन मटका फोड एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होगी वहीं महिलाओं में बच्चों के लिए गेम एवं बालिकाओं में ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिता होगी। 22 सितंबर सोमवार को महिलाओं द्वारा लड्डू गोपाल सजावट तथा बालिकाओं द्वारा छत्तर सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल एवं सचिव रितु किशन अग्रवाल तथा बालिका मंडल की आयुषी नरेडी और आयुषी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतियोगिताएं होंगी 22 सितंबर सोमवार को भगवान अग्रसेन जी की शोभायात्रा शाम 4 बजे मारवाड़ी धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण करती हुई वापस मारवाड़ी धर्मशाला में सभा के रूप में परणित होगी। इस अवसर पर रायपुर के उद्योगपति अमित खेमका कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे समारोह की अध्यक्षता राजनांदगांव के प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेंसीज होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी हरि बल्लभ अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही थी सामाजिक लोगों से सभी कार्यक्रमों में आधिकाधिक संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील समाज के अध्यक्ष ने की है।

# हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य अंग्रेजो की वैचारिक गुलामी से आजाद होना है - बागड़ी

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** लायंस क्लब ऑफ नादंगॉव के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर गरिमामय आयोजन किया गया लायन



अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने अपने उदबोधन में कहा कि हम अंग्रेजो से देश से शरीर से जमीन से आजाद हुए हैं वैचारिक गुलामी आज भी है जिसे हम अंग्रेजी भाषा को महत्व न दे कर हिंदी अपना कर वैचारिक गुलामी से आजाद हो सकते है। इस अवसर पर दीपक बुद्धदेव,शशिकान्त द्विवेदी,अशोक चौधरी,दिग्विजय कालेज के शंकर मुनी राय कमला कालेज के ओंकार लाल श्रीवास्तव,डी.सी. जैन पार्षद शैकी बग्गा आत्माराम कोसा कवि लोचन शर्मा थंगेश्वर साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमलेन्दु हाजरा ने किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर शर्मा,प्रभात बख्शी, हिमांशु याज्ञिक,राजकुमार शर्मा,राकेश ठाकुर,आनंद वर्गीस, गजेन्द्र बख्शी, गिरीश ठक्कर, शैलेश गुप्ता, मोना गोसाईं, कांति मौर्य, ज्योति खंडेलवाल,राजकुमारी मरकाम, संजय साहू, योगेश गुप्ता, पंकज गुप्ता ने अपनी सहभागिता दी।

# एमएमयू टीम द्वारा स्कूल में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम दीवानटोला शासकीय बालक छात्रावास, शासकीय प्राथमिक शाला दीवानटोला , में एसबीआई फाउंडेशन व एसबीआई एस जी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर एमएमयू (मोबाइल मेडिकल यूनिट) टीम द्वारा शासकीय बालक छात्रावास में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और स्थानीय समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में की गई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एमएमयू की चिकित्सा टीम द्वारा बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन , सिकल सेल, मलेरिया आदि की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। संजीवनी टीम के द्वारा संतुलित आहार, स्वच्छता और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी कई उपयोगी टिप्स दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। छात्रावास प्रमुख ने एमएमयू संजीवनी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि च्ऐसे कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। हमें गर्व है कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत हमारी संस्था भी स्वास्थ्य जागरूकता की इस मुहिम का हिस्सा बनी। इस शिविर को सफल बनाने में जिला समन्वयक योगेश चौहान, डॉ. ईश्वर लाल यादव, स्टाफनर्स शशि साहू, लैब टेक्नीशियन आशीष साहू, फार्मासिस्ट डालेश्वर उईके, एवं पायलट निखिल सहारे की अहम भूमिका रही। इन सभी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ कुशलतापूर्वक निभाते हुए कार्यक्रम को प्रभावशाली एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

# स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ आज

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित च्स्वस्थ नारी ङ्क सशक्त परिवार अभियानज्ज् का शुभारंभ 17 सितम्बर को कबीरधाम जिला मुख्यालय कवर्धा से होगा। इस अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा करेंगे। यह आयोजन कवर्धा जिला अस्पताल परिसर में किया जाएगा। कलेक्टर ने तैयरियो का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे ने बताया कि यह अभियान के प्रथम दिवस 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय कबीरधाम में प्रात: 9:30 बजे से विशेष स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ तथा ईएनटी (नाक, कान, गला) विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालय में महिला स्वास्थ्य रैली एवं रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। अभियान के अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। इसमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, टीबी और कुष्ठ जैसी गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान एवं उपचार पर विशेष ध्यान केंद्रित रहेगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड वितरण, बच्चों का टीकाकरण तथा किशोरी बालिकाओं के लिए पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित होंगे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर में कबीरधाम पुलिस का साइबर जागरूकता कार्यक्रम - बच्चों को दिए गए डिजिटल सुरक्षा के मूलमंत्र

**पदमराज सिंह ठाकुर**



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड बनाने और उन्हें किसी के साथ साझा न करने, ओटीपी या बैंकिंग डिटेल्स साझा न करने, सोशल मीडिया पर अज्ञात व्यक्तियों से दूरी बनाने, संदिग्ध लिंक या ई-मेल पर क्लिक न करने, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर सावधानी बरतने तथा ऑनलाइन क्लासेस में सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चों को यह भी समझाया गया कि साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफाइल बनाकर धोखाधड़ी, फिशिंग, साइबर ठगी, लॉटरी या इनाम के नाम पर धोखा, नौकरी एवं कर्ज के झांसे, पोर्नोग्राफी, ऑनलाइन गेम्स की लत और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे अपराध आज तेजी से बढ़ रहे हैं। इनसे बचने का सबसे प्रभावी तरीका है कि हम जागरूक रहें, जानकारी को सत्यापित करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी माता-पिता एवं पुलिस को दें। महिला एवं बाल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बच्चों को यह भी बताया गया कि महिला एवं बच्चों संबंधी अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा च्अभिव्यक्ति ऐप बनाया गया है।

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

// नामांतरण प्रकाशन सूचना//

क्रमांक.1633/रा.नामा/न.प./ 2025-26 — डोंगरगांव दिनांक 16.09.2025

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते(कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्रं. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/डिमांड क्रमांक | रकबा/खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्त्ता का नाम)विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | इंदिरा गाधी वार्ड | 195 | 571/1 टुकड़ा, रकबा- 750 वर्गफीट | पक्का मकान | श्रीमती कुमुदनी साहू पति- श्री सुदामा लाल साहू वार्ड क्रमांक-02 डोंगरगांव | श्रीमती नीता सोनी पति-श्री शचीन्द्र सोनी, वार्ड क्रमांक-04 मटिया रोड, डोंगरगांव | पंजीबद्ध बिक्रीनामा |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति लिखित में पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव

## शुभांक

2-5-9

590-4 129-2

## भाग्यांक

590-4 278-7

## नाम परिवर्तन

मैं महेश कुमार पटेल आ. बिसनाथ पटेल जाति-मरार ग्राम-कोनारी, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) का निवासी हूं, जो कि मेरे भू राजस्व रिकार्ड में दर्ज त्रुटि पूर्ण नाम राजकुमार आ0 बिसनाथ मरार दर्ज हैं जिसे सुधार कर आधार कार्ड व संपूर्ण दस्तावेजों के अनुसार महेश कुमार पटेल आ.बिसनाथ पटेल दर्ज किया जावे।

**महेश कुमार पटेल**
**आ.बिसनाथ पटेल**
**ग्राम-कोनारी**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

# नगर निगम के व्यवसायिक परिसरो का मिला मालिकाना हक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम राजनांदगांव द्वारा विगत वर्षो मे विभिन्न स्थानों में व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर भू-तल एवं प्रथम तल में दुकान का निर्माण किया गया है। व्यवसायिक परिसर की भूमि शासकीय नजूल भूमि थी, जिसे महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर भूमि आबंटन की मांग की गयी। निगम सीमाक्षेत्र के 8 स्थानो मे निर्मित व्यवसायिक परिसरो के भूमि का कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा मालिकाना हक दिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न 8 स्थानों में निर्मित व्यवसायिक परिसर जिसमें गुडाखू लाईन औषधालय के सामने खसरा नं. 152 का भाग से 1680 वर्ग फीट, टाकाघर के सामने खसरा नं. 102 का भाग में 4200 वर्ग फीट, पुराना गंज मण्डी के सामने खसरा 282 का भाग से 8479 वर्गफीट, पुराना गंज मण्डी बालोद रोड के पास खसरा नं. 287 का भाग 7480 वर्गफीट, ग्राम नंदई प.ह.न. 41 के खसरा नं. 841/1 से 9120 वर्गफीट, मोतीपुर खेल मैदान व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 79/1 में 2160 वर्गफीट, पुनाना सफाई कार्यालय स्टेशन रोड काम्प्लेक्स प.ह.न. 40 खसरा नं. 100 का भाग से 3960 वर्गफीट, पुत्रीशाला व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 263 का भाग से 2970 वर्गफीट एवं महावीर चौक सर्वेश्वरदास स्कूल व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 1662/2 का भाग से 7296 वर्गफीट भूमि में निर्मित व्यवसायिक परिसरो के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव की पहल पर भूमि आबंटन की मांग की गयी थी, जिसका विधिवत आबंटन कलेक्टर राजनांदगांव श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा किया गया। जिससे उक्त व्यवसायिक परिसरों का मालिकाना हक नगर निगम को प्राप्त हुआ।

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला rजनांदगांव, छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांक/ अविअ/प्रवा. 3/2025
राजनांदगाव, दिनांक 04/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर लाल घरडे पिता स्व. झाडू घरड़े निवासी चिखली, वार्ड नं.-5, राजनांदगांव, तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 39, खसरा नंबर 441/57 रकबा 0.757 हेक्टेयर में से 0.0444 हे. के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/09/20025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

राप्रक-202509291500006
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक/604/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 11/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आवेदक इंद्रजीत अग्रवाल पिता स्व0 राजू अग्रवाल एवं अन्य निवासी ईतवारी बाजार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर-खैरागढ़ मोहल्ला ईतवारी बाजार, ब्लाक नं-08, स्थित भूखण्ड क्रमांक-404/1 शामिल 405/2 रकबा कमशः 240 वर्गफूट एवं 1537 वर्गफूट जो खातेदार राजू अग्रवाल पिता किसुनलाल अग्रवाल के संयुक्त नाम पर दर्ज है। सह-खातेदार राजू अग्रवाल पिता किसुनलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 09.04.2025 को हो जाने के कारण वादभूमि संबंधी अभिलेख में उनका नाम विलोपित कर वैध-वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया ।

सील — नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र.-202509291500007
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक/602/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 11/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक इंद्रजीत अग्रवाल पिता स्व0 राजू अग्रवाल निवासी ईतवारी बाजार खैरागढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगरङ्कखैरागढ़ मोहल्ला-किल्लापारा, ब्लाक नं-09, स्थित भूखण्ड क्रमांक-142 कुल क्षेत्रफल 400.00 वर्गफूट जो खातेदार राजू अग्रवाल पिता किसुनलाल अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। खातेदार राजू अग्रवाल पिता किसुनलाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 09.04.2025 को हो जाने के कारण वादभूमि संबंधी अभिलेख में उनका नाम विलोपित कर वैध-वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने नामांतरण आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति / आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया ।

सील — नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव

:: ईश्तहार::

रा.प्र.क. 202507095300024-ब/121-वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरोज बाई वर्मा पति परमानंद वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम द्वारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम द्वारा पटवारी हल्का नं0 03 में स्थित कृषि भूमि खसरा 987/1 रकबा 0.194 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख बी-1 में दर्ज है। किन्तु उक्त भूमि खसरा 987 भूमि नक्षा बटांकन नही हुआ है। उक्त भूमि मूल खसरा 987 भूमि का नक्षा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1 नक्षा खसरा की प्रति पेष किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव

:: ईश्तहार::

रा.प्र.क्र. 202508092300014-ब/121-वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरदे पिता रमेशर जाति राऊत निवासी ग्राम मुसराखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुसराखुर्द पटवारी हल्का नं0 13 रा.नि.मं. मुसराकला तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा न0 57/1, 79/1, 79/3, 143, 261/1 रकबा 0.336, 0.040, 0.093, 0.061, 0.458 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.988 हेक्टेयर भूमि आवेदक के शामिलात नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 17.09.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनाक के पश्चात प्राप्त आपतित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## ज्ञान मंथन

*1) भारत के पूर्वी तट पर हाल ही में आए चक्रवात च्डानाज् का नाम किस देश ने रखा था?*
*2) किस राज्य सरकार ने कैदियों को शिक्षित करने के लिए सिख्या दात परियोजना शुरू की?*
*3) श्वेत पंखों वाला वुड डक भारत के किस पूर्वोत्तर भाग में मुख्य रूप से पाया जाता है?*
*4) स्पंदनशील ब्रह्मांड सिद्धांत किससे संबंधित है?*
*5) उत्तराखंड वन विभाग ने राज्य का पहला साइकैड गार्डन किस स्थान पर स्थापित किया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )




## उत्तर माला

(1) कतर (2) पंजाब (3) असम और अरुणाचल प्रदेश (4) ब्रह्मांड का वैकल्पिक विस्तार और संकुचन (5) हल्द्वानी

## कन्हारगांव में विश्वकर्मा जयंती पर लोकनाचा मयारू मोर लाटाबोड की प्रस्तुति आज

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कन्हारगांव में भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में विश्वकर्मा समिति वालों द्वारा जय संतोषी मां लोक नाचा मयारू मोर ग्राम लाटाबोड वालों का कार्यक्रम 17 सितंबर 2025, दिन बुधवार को रखा गया है। आयोजक समिति एवं ठेकेदार तेजराम कुंजाम ने आसपास के क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि ग्राम कन्हारगांव में आकर नाच कार्यक्रम का आनंद उठाने का आग्रह किया है।



## धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 31 अक्टूबर तक अनिवार्य

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। नवीन कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के साथ-साथ भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में भी किया जाना आवश्यक है। एकीकृत किसान पोर्टल में पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पंजीयन कैरी फारवर्ड व संशोधन से पूर्व समस्त कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी समितियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कृषक पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराएं तथा प्रत्येक कृषक को निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कृषक को धान विक्रय से वंचित न रहने दिया जाए, इसके लिए पंजीयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले के समस्त कृषकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय के लिए अनिवार्य रूप से 31 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन करा लें। जिला खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने जानकारी दी कि गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के 1,29,500 कृषकों का पंजीयन किया गया था, जिनमें से अब तक 26,631 कृषकों का पंजीयन कैरी फारवर्ड तथा 128 नवीन कृषकों का पंजीयन किया जा चुका है। कृषक समिति में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता, पट्टा, बी-1 तथा मोबाईल नंबर आवश्यक है। सह-खातेदार होने की स्थिति में कृषक को शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया कृषक स्वयं, लोक सेवा केंद्र, समिति अथवा पटवारी के माध्यम से भी कर सकते हैं। वहीं, पूर्व पंजीकृत कृषक कैरी फारवर्ड हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन एवं दस्तावेजों के साथ समिति में संपर्क कर सकते हैं। आगामी वर्ष में धान खरीदी प्रक्रिया बायोमेट्रिक आधारित प्रणाली से संचालित होगी, जिसकी शुरुआत संभावित रूप से 01 नवम्बर 2025 से होगी। धान विक्रय करने के इच्छुक कृषकों के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा।



# नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**डोंगरगढ़ ।** धर्मनगरी के गली - गली मोहल्लों सहित ग्रामीण अंचलों में अवैध शराब की बिक्री, सुखा नशा व नशीली गोलियों के बढ़ते कारोबार से शहर का माहौल जिस तरह से अपराधिकृत के कारण खराब होते जा रहा है। इसको देखते हुए कांग्रेस के द्वारा मंगलवार को गोल बाजार में 2 घंटे से अधिक समय तक आबकारी विभाग के ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुबह 12 से शुरू हुए इस आंदोलन में सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं के द्वारा गोल बाजार में सड़क पर बैठ एक - एक कार्यकर्ता के द्वारा अपने वार्ड की स्थिति की जानकारी दी गई, की किस तरह से अवैध नशे से कारण उनका वार्ड प्रभावित है। इस दौरान सीनियर कांग्रेस के नेताओं के द्वारा भी प्रदेश सरकार को फ्लॉप सरकार बताते हुए जिस तरह से क्षेत्र में पढ़ते अपराध को रोक पाने में सरकार असफल रही है। उसके एक-एक बिंदु को संज्ञान में लाया गया।

बताया जाता है की 2 घंटे से अधिक समय तक चले इस आंदोलन में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा आबकारी विभाग के स्थानीय अधिकारियों को एक-एक कर अवैध शराब के बिक्री के परमिशन के लिए आवेदन पत्र भी भेट कर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन भी जताया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के पार्षदों के द्वारा भी हिस्सा लेते हुए ऐसे आवेदक आबकारी विभाग को दिया गया । जिसमें यह लिखा था कि हम बेरोजगारी युवा आपसे अवैध शराब की बिक्री का परमिशन चाहते हैं। इसके एवज में आपके द्वारा जो भी राशि मांगी जाएगी हमें मंजूर है। आंदोलन के अंत में जिला के आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के उपस्थिति में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा शहर की वस्तु स्थिति बताते हुए, अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक ज्ञापन दिया गया है। जिसमें इस बढ़ते अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की मांग रखी गई। ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में किए गए आंदोलन में मंगलवार को प्रमुख रूप से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारिता बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, संध्या देशपांडे, ब्लॉक अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान,सुरेश सिन्हा, धीरेंद्र प्रताप सिंह,नलिनी मेश्राम, हरीश भंडारी,रिम्मी भाटिया, के विनायक राव, मुकेश सहारे, दशरथ ठाकुर, कृष्ण गुप्ता के आलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आबकारी विभाग की नेटवर्क पर उठे सवाल :- जिस तरह से शहर में अवैध शराब की बिक्री हो रही है. इसको लेकर आबकारी विभाग आज घिरते दिखा। कांग्रेस नें आरोप लगाया कि मुख्य मार्ग में खुले रूप में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। यह अवैध कारोबारी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मंदिर, रेलवे स्टेशन, सब्जी मार्केट में खुलेआम कार्य कर रहे हैं। विभाग इनको देखकर भी कार्रवाई न करें तो विभाग के नेटवर्क पर सवाल क्यों न उठाया जाये।

**नशीली गोलियां आज भी मार्केट में मिल रही :-** प्रदेश के सभी मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सर्कुलर 4 माह पहले ही जारी हो चुका है। उसके बावजूद शहर के अधिकांश मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा देखने को नहीं मिलता, वहीं प्रशासन के द्वारा भी इस मुद्दे पर कोई बड़ी समझाइश नहीं देने के कारण आज भी शहर के कई मेडिकल स्टोर में नशीली गोलियों का कारोबार खुलेआम चल रहा है। कांग्रेस के युवाओं की माने तो हर कोई जानता है कि कौन से मेडिकल स्टोर में कौन सी दवाई मिल रही है। उसके बावजूद भी कार्यवाही नहीं होती।

### 18 अधिकारी कर्मचारियों के भरोसे आबकारी

वहीं इस मामले में जिला आबकारी सहा.आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि पूरे जिले की बागडोर 18 लोगों के जिम्मे सौंपी गई है और हम अपना काम पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए पूरे जिले भर में अवैध शराब पकड़ आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करते हैं । परन्तु आरोपी जेल से छुटने के बाद फिर से शराब के धंधे में लिप्त हो जाता है। इधर डोंगरगढ़ आबकारी निरीक्षक अनिल सिंग ने बताया कि अप्रैल 2025 से लेकर 18 सितम्बर तक डोंगरगढ़ ब्लॉक में कुल 108 मामले आबकारी एक्ट के मामले दर्ज हुए है जिसमें 13 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत जेल भेजा गया है वहीं 18 आरोपियो के विरुद्ध 34/1 व 11 आरोपियों के विरुद्ध 34/1 'ख' व 63 लोगों पर 36/सी व 3 लोगों के विरुद्ध 36 ए का मामला बनाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। स्टॉफकी कमी की पूरे ब्लॉक में कार्यवाही करना संभव नहीं है। प्रदर्शन के दौरान तहसीलदार सतपाल यादव, उपनिरीक्षक भुषण चंद्राकर, आबकारी उपनिरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन सहित आबकारी व पुलिस बल उपस्थित रहे।

# संस्कारधानी सेवा अनुरूप बागेश्वर धाम मंदिर मे मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा



## भावेश अग्रवाल बने सेवा अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी सेवा प्रकल्प के तहत प्रति नवरात्र अनुसार मां बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियो की सेवा कुंवार नवरात्र मे सेवा ही उददेश्य के तहत मां बमलेश्वरी देवी सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में नगर वासियों शिव भक्तो द्वारा की जावेगी. सनातन धर्म में मानव धर्मार्थ सेवा ही श्रेष्ठ सेवा है, इसी उद्देश्य के तहत डोंगरगढ़ में माता बमलेश्वरी तीर्थ दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा हेतु पूर्व तैयारियों एवं सेवा कार्यकारिणी गठन के लिए श्री बागेश्वर धाम भवन में बैठक आयोजित की गईं जिसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि श्री बागेश्वर उत्सव भवन में पदयात्रियों हेतु विशेषकर विश्राम,स्नान, शौच, के साथ-साथ, स्वल्पाहार, भोजन, फल, मोबाईल चार्जिंग आदि की सुविधा रहती हैं. सेवा व कार्य विभाजन हेतु आयोजित बैठक में संरक्षक डी सी जैन, हरजीत भाटिया शैलेन्द्र तिवारी रामावतार जोशी, अमलेंदु हाजरा, राजेश शर्मा, शरद गुप्ता राकेश ठाकुर, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा अपने विचार प्रकट किये गए इस धर्मार्थ सेवा आयोजन हेतु आयोजन समिति गठित की गई जिसका सेवा अध्यक्ष भावेश अंग्रवाल (गंगई) को सर्वसम्मति से सचिव महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता को बनाया गयाँ शेष कार्यकारिणी में- संरक्षक -डी.सी. जैन, सोहनलाल गुप्ता, हरजीत भाटिया, कैलाशचंद गुप्ता, रामावतार जोशी, श्रीमती शारदा तिवारी,संयोजक-पंकज गुप्ता,राकेश ठाकुर,सौरभ खंडेलवाल, हरीश गाँधी, योगेश साहू, राजेश शर्मा, निकुंज सिंघल, संदेश जैन,शरद गुप्ता, गणेश गुप्ता उपाध्यक्ष- मयंक शर्मा, दिनेश अग्रवाल, महिला संयोजक- श्रीमति मधू खंडेलवाल, लक्ष्मी गुप्ता,माया अग्रवाल,दुर्गा गुप्ता, मौसमी शर्मा, वंदना गुप्ता स्वागत अध्यक्ष- श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता,प्रतिभा खंडेलवाल, सचिव- महेश शर्मा, सहसचिव- सौरभ गुप्ता, मनीष यादव, विनय साहू, व्यवस्था प्रभारी- कांति मौर्य, ज्योति गुप्ता, ममता शर्मा, मधु अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष- मोना गोसाई,आरती गुप्ता, चंचल गुप्ता, प्रीति गुप्ता , प्रचार प्रभारी, भवन प्रभारी, विजय गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी,अजय गुप्ता, विलास नारायणराव घनश्याम भूतडा सांस्कृतिक प्रभारी, राजा गुप्ता, गोंविद जोशी विकास गुप्ता, कैलाश गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रभारी -अंशुल कसार, कैलाश गुप्ता को सेवा आयोजन समिति की सेवा कार्यकारिणी में शामिल किया गया है । सेवा आयोजन माँ बम्लेश्वर देवी संयुक्त सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सभी सेवको भक्तो द्वारा नगर वासियों से इस धर्मार्थ सेवा कार्य में तन-मन-धन से मानव धर्मार्थ माँ बमलेश्वरी पदयात्रियों की सेवा मे शामिल होने का आग्रह किया है।



## अग्रसेन जयंती, आज म्युजिकल अंताक्षरी प्रासंगिक विषय पर ' दादी पोते के बीच संवाद' ने वाहवाही बटोरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। विशेषकर युवा वर्ग एवं बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इसी श्रृंखला में तीसरे दिन 17 सितम्बर, बुधवार को ' म्युजिकल अंताक्षरी ' का शानदार सुमधुर आयोजन होगा । महिला मंडल की सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल नवयुवक मंडल के सचिव चैतन्य अग्रवाल कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल, ने बताया कि विगत बीस वर्षों से अनवरत आयोजित अंताक्षरी अग्रवाल समाज में काफी लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें सुरों की महफ़िल सजती है, आवाज का जादू चलता है। इसके साथ ही महिला मंडल द्वारा तोल-मोल के बोल, आकस्मिक गेम्स, लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स का आयोजन किया जायेगा । मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन आयोजित 'दादी पोते के बीच संवाद' की मंचीय प्रतियोगिता एक नया प्रयोग था ,जिसे काफी सराहना मिली। आज की दौड़ती भागती जीवन शैली में पीढ़ियों के बीच के अंतर को समझना और सामंजस्य बैठाना आसान नहीं है। सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की इस महत्वपूर्ण विषयवस्तु को प्रतिभागियों ने अपने,सहज अभिनय और रोचक संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया । प्रतियोगिता के परिणाम महिला मंडल द्वारा आयोजित - रागी के नमकीन व्यंजन - प्रथम - रिया यश अग्रवाल, द्वितीय ( संयुक्त) - प्रतिभा श्यामसुंदर अग्रवाल, संगीता हरीश अग्रवाल। हरे पत्ते से बुके बनाओ - प्रथम - हिना अग्रवाल, द्वितीय - प्रिंसी रजत अग्रवाल। दादी पोते के बीच संवाद' प्रथम - शीला श्री किशन - कुश अंकुर अग्रवाल, द्वितीय - प्रतिभा श्यामसुंदर - विराट अग्रवाल । फैंसी ड्रेस - प्रथम ( 3 से 5 वर्ष) आरव जिंदल, द्वितीय आरुष अग्रवाल । (5 से 8 वर्ष ) में भूमिका जिंदल । 1 मिनट गेम्स में प्रथम मनीषा शिव अग्रवाल, अनिता शरद अग्रवाल, लक्की ड्रा में निर्मला पसारी विजेता रही। नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित बोरा दौड़ में प्रथम - अर्णव राहुल अग्रवाल, द्वितीय - ईशान संजय अग्रवाल ।



## गरबा पंडालों में सिर्फहिंदू समाज को मिलेगा प्रवेश

### आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य समितियां जांच करने के उपरांत ही प्रवेश दे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्र पर्व के अवसर पर शहरभर में गरबा महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी बीच हिंदू जागरण मंच ने कठोर रुख अपनाते हुए स्पष्ट घोषणा की है कि गरबा आयोजन में केवल हिंदू समाज के युवक-युवतियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सिर्फधार्मिक गीत ही आयोजन समिति बजाएं थीम की आड़ में वस्त्रो के पहनावे में अश्लीलता ना हो आयोजन समिति विशेष ध्यान दें मंच पदाधिकारियों ने कहा कि गरबा महोत्सव माता रानी की पूजा का धार्मिक आयोजन है, जिसकी पवित्रता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए आयोजन में आने वाले सभी युवक-युवतियों के लिए आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य किया गया है। आधार कार्ड की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाए हिंदू जागरण मंच ने न केवल पुलिस प्रशासन को इस बारे में ज्ञापन सौंपा है बल्कि शहर की सभी गरबा समितियों से भी अपील की है कि वे अपने-अपने पंडालों में यही नियम लागू करें। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि कोई गैर-हिंदू युवक आयोजन में घुसपैठ करने की कोशिश करता है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। साथ ही, समितियों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि वे पंडाल में प्रवेश से पहले आधार कार्ड की जांच सुनिश्चित करें। आये दिन लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं हिंदुओं का धार्मिक आयोजन है धार्मिक गाने बजाएं किसी भी प्रकार की घटना होने पर समितियां द्वारा अगर नियम पालन नहीं किया जाता है तो उन्हीं को जिम्मेदार ठहराया जाएगा हिंदू जागरण मंच पुर जोर विरोध करेगा और कानूनी कार्रवाई के लिए भी बाध्य होगा हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक महोदय जी से मिले तीर्थराज यादव सुशील लड्ढा प्रवीण शर्मा रोहित सिंन्हा रामकुमार सिन्हा राकेश श्रीवास गोविंद जोशी आनंद गुप्ता हरीश भानुशाली राजकुमार सिन्हा महेंद्र जंघेल जुगल गुप्ता राजू साउ रोहित पटनायक किरण साहू मनोज गोलछा प्रभात गुप्ता हेमलाल ढीमर सविता बोस हेमंत कश्यप ऋषभ मल आशीष पांडे एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## धर्म समाचार....

# मोक्ष प्रदात्री इंदिरा एकादशी आज

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दू धर्म में सभी व्रतों में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं। जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर छब्बीस हो जाती है। इंदिरा एकादशी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को मोक्ष देने वाली इंदिरा एकादशी कहते हैं , जो आज है। इंदिरा एकादशी को श्राद्ध एकादशी के नाम से भी जानते हैं। इस वर्ष इंदिरा एकादशी पर चार शुभ संयोग बन रहे हैं। इस दिन परिघ योग और शिव योग के साथ-साथ पुनर्वसु तथा पुष्य नक्षत्र का विशेष महत्व रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इंदिरा एकादशी को पितरों को मोक्ष प्रदान करने वाली एकादशी माना गया है। इंदिरा एकादशी के दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु का पूजन शालिग्राम के रूप में करने से पितरों को स्वर्ग की प्राप्ति होती है। व्रत के समापन पर व्रत का पुण्य अपने पितरों को अर्पित कर देना चाहिये। कहते हैं जिन पितरों को किन्हीं कारणों से यमराज का दंड भोगना पड़ता है , उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है और वह यमलोक की यात्रा पूरी कर स्वर्ग को प्रस्थान करते हैं। इंदिरा एकादशी के दिन पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलायें। ऐसा करने से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इसके साथ आप इस भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ जरूर करें। इससे सभी नकारात्मक ऊर्जायें खत्म हो जाती हैं और खुशियों का मार्ग खुल जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि आप किसी वजह से पितृ पक्ष में पूर्वजों का श्राद्ध , तर्पण व पिंडदान ना कर पाये हों, तो इंदिरा एकादशी का व्रत व पूजन जरूर करें। क्योंकि इंदिरा एकादशी का व्रत पूर्वजों को श्राद्ध के समान फल देता है तथा इससे पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उन्हें जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। कहते हैं कि एक बार धर्मराज युधिष्ठिर को भगवान श्रीकृष्ण ने इंदिरा एकादशी के बारे में विस्तार से बताया था। उन्होंने कहा कि वैसे तो सभी एकादशी का महत्व है किंतु पितरों की दृष्टि से आश्विन मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का विशेष महत्व है। यह एकादशी पितरों को अधोगति से मुक्त देने वाली तथा सभी पापों को नष्ट करने वाली है। राजा इंद्रसेन ने भी अपने पिता को मोक्ष दिलाने के लिये पितृपक्ष में पड़ने वाली एकादशी का व्रत रखा था और तभी से राजा के नाम पर ही इस एकादशी का नाम इंदिरा एकादशी पड़ गया। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। ऐसे में इस दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है और पूजा के समय इंदिरा एकादशी व्रत की कथा श्रवण करते हैं। वैसे तो सभी को एकादशी का व्रत रखना चाहिये लेकिन जिनके माता-पिता का निधन हो चुका है , उन्हें पितृपक्ष में पढ़ने वाली इंदिरा एकादशी का व्रत अवश्य करना चाहिये। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इंदिरा एकादशी का व्रत सभी घरों में करना चाहिये। जो भी व्यक्ति इंदिरा एकादशी का व्रत रखता है और उस व्रत पुण्य को अपने पितरों को समर्पित कर देता है , तो इससे उसके पितरों को लाभ होता है। सात पीढ़ियों तक के जो पितर यमलोक में यमराज का दंड भोग रहे होते हैं , उनको इंदिरा एकादशी व्रत के प्रभाव से मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। ऐसा करने से आपके पितर नरक लोक के कष्ट से मुक्त होकर जीवन मरण के चक्र से मुक्त हो जाते हैं और उनको श्रीहरि विष्णु के चरणों में स्थान मिलता है। इससे प्रसन्न होकर पितर सुख , समृद्धि , वंश वृद्धि , उन्नति आदि का आशीष देते हैं और मृत्यु के बाद व्रती भी बैकुंठ में निवास करता है।




**इंदिरा एकादशी व्रत कथा**- सतयुग में महिष्मति नाम की नगरी में परम विष्णु भक्त और धर्मपरायण राजा इंद्रसेन राज करते थे। वे बड़े धर्मात्मा थे और उनकी प्रजा सुख चैन से रहती थी। नारदजी एक दिन इंद्रसेन के दरबार में जाते हैं। नारदजी कहते हैं मैं तुम्हारे पिता का संदेश लेकर आया हूं जो इस समय पूर्व जन्म में एकादशी का व्रत भंग होने के कारण यमराज के निकट दण्ड भोग रहे हैं। नारदजी के मुख से इंद्रसेन अपने पिता की पीड़ा को सुनकर व्यथित हो गये और पिता के मोक्ष का उपाय पूछने लगे। तब नारद ने कहा कि राजन तुम कृष्ण पक्ष की एकादशी का विधिपूर्वक व्रत करो और इस व्रत के पुण्य को अपने पिता के नाम दान कर दो , इससे तुम्हारे पिता को मुक्ति मिल जायेगी। नारदजी की ये बात सुनकर राजा ने उनसे व्रत का विधान पूछा और व्रत करने का संकल्प लिया। राजा ने पितृपक्ष की एकादशी पर विधि-पूर्वक व्रत किया , पितरों के निमित्त मौन रह कर ब्राह्मण भोज और गौ दान किया। इस प्रकार राजा इंद्रसेन के व्रत और पूजन करने से उनके पिता को यमलोक से मुक्ति मिलने के साथ साथ बैकुंठ लोक की प्राप्ति हुई। उस दिन से इस व्रत का नाम इंदिरा एकादशी पड़ गया।

**पितरों को प्रसन्न करने के उपाय**- इंदिरा एकादशी पर आप कुछ आसान उपाय करके अपने पितरों को और भी प्रसन्न कर सकते हैं। इस दिन घर की दक्षिण दिशा में सरसों के तेल का दीपक जलायें , यह पितरों को सुख-शांति देता है।

### मृतकों का सम्मान जीवितों की जिम्मेदारी '

उपनिषदों में पितरों को देवतुल्य माना गया है। श्राद्ध एक ऐसा वैदिक कृत्य है, जिसमें श्रद्धा, संकल्प और कृतज्ञता के साथ पितरों का स्मरण करते हुए तर्पण, पिंडदान और ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक कर्तव्य और भावनात्मक उत्तरदायित्व है। श्राद्धं धर्मस्य मूलं स्मृतम्। अर्थात श्राद्ध धर्म का मूल है। गरुड़ पुराण के पूर्व खंड में भगवान विष्णु स्वयं गरुड़ जी को श्राद्ध की महिमा बताते हुए कहते हैं कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विधिपूर्वक श्राद्ध करता है, उसके पितर प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं और परिवार में लक्ष्मी और पुण्य की वृद्धि होती है। - पितरों की आत्मा को गति : आधुनिक विज्ञान और मनोविज्ञान भी मानते हैं कि कृतज्ञता और पूर्वज-स्मरण से मानसिक संतुलन, पारिवारिक एकता और सामाजिक मूल्यों की वृद्धि होती है। गरुड़ पुराण हो या मनु स्मृति, सभी शास्त्र एक स्वर में कहते हैं कि श्रद्ध पितरों की आत्मा को गति देता है और वंश की रक्षा करता है। यह न केवल मृतकों का सम्मान नहीं, जीवितों की जिम्मेदारी भी है। - पूजन और विधि-विधान तृप्त तर्पण : कृत्वा, तुष्यन्ति पितरः सदा। अर्थात विधिपूर्वक किए गए तर्पण से पितृ सदा तुष्ट होते हैं। - शास्त्रों में वर्णित नियम : पितृ पक्ष (भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक) को श्राद्ध के लिए सर्वोत्तम माना गया है। यह 16 दिन पितरों के तर्पण के लिए विशेष हैं। - श्राद्धकर्ता कौन : सामान्यतः पुत्र द्वारा श्राद्ध किया जाता है, परंतु पुत्र न होने की स्थिति में पत्नी, भाई, भतीजा या कोई भी योग्य संबंधी इसे कर सकता है। - आचमन और संकल्पः जल लेकर संकल्प करें। ? अपवित्रः पवित्रो वा...' (मैं अमुक गोत्र का अमुक व्यक्ति अपने पित्तरों के निमित्त श्रद्ध कर रहा हूँ।) मंत्र से शुद्धि करें। - पिंडदानः कुशा का आसन बनाकर भूमि पर रखें। फिर चावल, तिल और गुड़ से बने तीन पिंड बनाएं- पिता, पितामह, प्रपितामह के लिए। फिर तिल और जल अर्पण करते हुए ' ? पितृभ्यः स्वधा नमः' कहते जाएं। - तर्पणः जल में तिल डाल हाथ जोड़ अर्घ्य अर्पित करें। ? पितृभ्यः स्वधा नमः, इदं जलं विलोदकं पितृभ्यो नमः। तीन बार तर्पण करें। - ब्राह्मण भोजन और दानः ब्रद्धा से ब्राह्मण को भोजन कराएं। वस्त्र, तिल, धन आदि का यथाशक्ति दान करें। ' ? यथा लोके पितरः तृप्तिमाप्नुयुः' कहकर आशीर्वाद लें। - गौ, कुत्ते, कौवे को अन्न दान पितरों का प्रतीक मानकर इन जीवों को पहला ग्रास अर्पित करें। यह शुभ माना जाता है और श्राद्ध की पूर्णता मानी जाती है।



योगेश कबूलपुरिया




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com